लैकहैड विश्वविद्यालय, कनाडा एवं ऐमिटी यूनिवर्सिटी के छात्रों का आफरी दौरा

कनाडा की लैकहैड विश्वविद्यालय एवं ऐमिटी यूनिवर्सिटी के 9-9 छात्रों एवं ऐमिटी यूनिवर्सिटी के 2 प्रोफेसर ने शुष्क वन अनुसंधान संस्थान (आफरी) का दौरा किया। इस अवसर पर आफरी निदेशक, डॉ. तिलोक सिंह राठौड़ ने छात्रों को आफरी की विभिन्न शोध गतिविधियों से अवगत कराया। माया कुमारी एवं विनीत के श्रीवास्तव के नैतृत्व मे छात्रो की टीम ने आफरी की नर्सरी का भ्रमण भी किया जहाँ प्रवीण चव्हाण डॉ. एन.के. बोहरा एवं सादूल राम ने जानकारी दी। कार्यक्रम में आफरी के समूह समन्वयक (शोध) श्री मानाराम बालोच, भा.व.से., कृषि वानिकी एवं विस्तार प्रभाग के प्रभागाध्यक्ष डॉ. डी.के. मिश्रा के अलावा आफरी के वैज्ञानिक श्री प्रविण चव्हाण, श्री एन.बाला, डॉ. जी. सिहं, डॉ. एस.आई. अहमद, डॉ. संगीता सिंह, श्रीमती संगीता त्रिपाठी, श्री आर.के.गुप्ता व श्री मनोज चौहान आदि उपस्थित थे। इस अवसर पर आफरी निदेशक ने छात्रो के प्रश्नो के उत्तर दिए।

छात्रों ने आफरी की विभिन्न प्रयोगशालाओं का भ्रमण भी किया। डॉ. अहमद ने खेजडी पर शोध कार्य की एवं एन.बाला ने मृदा एवं कार्बन स्थिरीकरण पर किए जा रहे शोध कार्ये की जानकारी दी।टीम मे स्वेतलाना जेरा, निखिल एन, भार्गव एल, आसुतोष कुमार सिन्हा, रिचा सिंह, आकांशा शर्मा, आकांशा आनन्द, जैनट जैरा, अभिनव कौशिक, सुप्रातिक सैकिया, टेलर पालसन, टेलर पाउर, चैनटेली एडम्स एवं निकोलस मिलीवार्ड थे। कार्यक्रम का संचालन आफरी के अनुसंधान अधिकारी डॉ. एन.के. बोहरा ने किया ।

ब्रह्मपुरी आदर्श विद्यामन्दिर, माध्यमिक चॉदपोल चौखा के बालक बालिकाओं का आफरी दौरा

ब्रह्मपुरी आदर्श विद्यामन्दिर, माध्यमिक चॉदपोल चौखा के बालक बालिकाओं के 70 सदस्यीय दल ने महेन्द्र पालीवाल एवं अन्य के साथ आफरी की नर्सरी एवं प्रयोगशालाओं का भ्रमण किया। छात्र-छात्राओं को नर्सरी मे सादूलराम ने तथा प्रयोगशालाओं मे डॉ. संगीता सिंह, करनाराम आदि ने जानकारी दी। कार्यक्रम का संचालन श्री भारतवीर जयन्त ने किया।